www.evidyarthi.in



# सरकार क्या है?

## अध्याय– 3 CIVICS (प्रश्न-अभ्यास)

www.evidyarthi.in

**प्रश्न1. आप 'सरकार' शब्द से क्या समझती हैं? एक सूची बनाइए कि किस तरह से सरकार आपके जीवन को प्रभावित करती है।**

**उत्तर:** सरकार कुछ लोगों का ऐसा समूह है जो लोगों के लिए व्यवस्था करती है, नियम बनाती है और निर्णय लेती है। इन नियमों को अपने देश में रहने वाले लोगों पर लागू करती है। सरकार निम्नलिखित प्रकार से हमारे जीवन को प्रभावित करती है|

# CLASS VI CH 3 सरकार क्या है?(NCERT)

www.evidyarthi.in

1.देश की सीमाओं की रक्षा करना तथा दूसरे देशों से शांतिपूर्ण संबंध स्थापित करना।
2.देश के लोगों को जन-सुविधाएँ; जैसे-परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार आदि उपलब्ध कराना।
3.देश में लोक कल्याणकारी योजनाएँ लागू करना।
4.विपदाओं के समय पीड़ित लोगों को सहायता पहुँचाना।।
5.देश में शांति तथा कानून व्यवस्था लागू करना।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न2. सरकार को कानून के रूप में सबके लिए नियम बनाने की क्या ज़रूरत है?**

**उत्तर:** सरकार को कानून के रूप में सबसे लिए नियम बनाने की जरूरत इसलिए है, क्योंकि देश में सभी लोग इकट्ठे रहते हैं और काम करते हैं तो इस सबके लिए एक व्यवस्था की आवश्यकता होती है जिससे आवश्यक निर्णय लिए जा सकें।

www.evidyarthi.in

देश के संसाधनों पर नियंत्रण रखने के लिए भी सरकार को कुछ नियम बनाने पड़ते हैं ताकि सभी लोग इन संसाधनों का उपयोग कर सकें। देश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी कुछ कानून बनाने पड़ते हैं ताकि देश का शासन सुचारु रूप से चल सके।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न3. लोकतांत्रिक सरकार के आवश्यक लक्षण क्या हैं?**

**उत्तर:** लोकतांत्रिक सरकार के लक्षण
1.लोकतांत्रिक सरकार का चुनाव देश के सभी वयस्क नागरिकों द्वारा किया जाता है।
2.लोकतांत्रिक सरकार को अपने निर्णयों एवं उठाए गए कदमों का आधार बताना होता है और सफाई देनी होती है।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न4. महिला मताधिकार आंदोलन क्या है? उसकी उपलब्धि क्या थी?**

**उत्तर:** महिलाओं द्वारा मताधिकार के लिए आंदोलन चलाया गया था। इस आंदोलन को महिला अधिकार आंदोलन कहा जाता है। पूरे यूरोप और अमरीका में महिलाओं को सरकार के कार्यों में भागीदारी का अधिकार नहीं था। महिलाओं को सरकार के कार्यों में भागीदारी के लिए संघर्ष करना पड़ा।

www.evidyarthi.in

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान महिलाओं का यह आंदोलन और अधिक मजबूत हुआ, क्योंकि इस दौरान महिलाओं ने पुरुषों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को किया तथा उन्होंने महिलाओं को उनकी क्षमताओं के बारे में फैली गलत रूढ़िबद्ध धारणाओं को दूर किया और यह साबित किया कि महिलाएँ केवल काम ही नहीं कर सकती बल्कि निर्णय लेने भी योग्य है। इसके बाद अमरीका में औरतों को वोट देने का अधिकार 1920 में तथा इंग्लैंड में यह अधिकार 1928 में दिया गया।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न5.** गांधीजी का दृढ़ विश्वास था कि भारत में हर एक वयस्क को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन बहुत सारे लोग उनके विचारों से सहमत नहीं हैं। बहुत लोगों को लगता है कि अशिक्षित लोगों को, जो ज्यादातर गरीब हैं, वोट देने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। आपको क्या विचार है? क्या आपको लगता है कि यह भेदभाव का एक रूप होगा?

www.evidyarthi.in

**उत्तर:** हमारे विचार से भारत में सभी वयस्कों को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए। इन वयस्कों में अशिक्षित और गरीब लोग भी शामिल हैं, क्योंकि वोट देने के अधिकार का अर्थ है-शासन में भागीदारी। यदि हम अशिक्षित और गरीब लोगों को वोट देने के अधिकार से वंचित रखते हैं तो हम लोकतांत्रिक व्यवस्था के अन्य मूल्य समानता का पालन भी नहीं करते हैं। दूसरे हम उनके शासन में भागीदारी के अधिकार को छीनते हैं। जिससे वह निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल हो सकता है तथा अपने और देश के हित में निर्णय ले सकता है।